लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला 15 जून 2023 को गोवा विधान सभा के सदस्यों को संबोधित करेंगे

...

मुख्यमंत्री, गोवा और अध्यक्ष, गोवा विधान सभा इस अवसर पर मौजूद रहेंगे

...

लोक सभा अध्यक्ष गोवा के राज्य पाल श्री पी.एस. श्रीधरन पिल्लई से मुलाक़ात करेंगे

...

नई दिल्ली; 13 जून; 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला 15 जून 2023 को गोवा के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस यात्रा के दौरान श्री बिरला गोवा विधान सभा चैम्बर में गोवा विधान सभा के सदस्यों को संबोधित करेंगे। गोवा प्रवास के दौरान श्री बिरला अन्य कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे।

गोवा पहुंचने पर श्री ओम बिरला का हवाईअड्डे पर गोवा विधान सभा के अध्यक्ष श्री रमेश तावड़कर स्वागत करेंगे। श्री बिरला गोवा के माननीय राज्यपाल श्री पी.एस. श्रीधरन पिल्लई से गोवा राज भवन, में मुलाक़ात करेंगे।

माननीय राज्यपाल के साथ बैठक के बाद श्री बिरला गोवा विधान सभा जाएंगे, जहां वे "विकसित भारत 2047: निर्वाचित प्रतिनिधियों की भूमिका" विषय पर गोवा विधान सभा के सदस्यों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर गोवा विधान सभा के अध्यक्ष श्री रमेश तावड़कर स्वागत भाषण देंगे।

गोवा के मुख्य मंत्री श्री प्रमोद सावंत भी सभा को संबोधित करेंगे और गोवा विधान सभा के उपाध्यक्ष श्री. जोशुआ डिसूजा इस अवसर पर धन्यवाद प्रस्ताव देंगे।

श्री बिरला अपनी यात्रा के दौरान कानाकोना, गोवा में श्री बलराम आवासीय विद्यालय भी जाएंगे। इसके अतिरिक्त श्री बिरला एक पुस्तक विमोचन समारोह में भी भाग लेंगे और लाभार्थियों को श्री बलराम चैरिटेबल ट्रस्ट के तहत बने मकानों की चाबियां सौंपेंगे।